हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय

हिंदी पखवाड़ा-2022 प्रतिवेदन

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में 14 सितम्बर, 2022 से 29 सितम्बर, 2022 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएँ एवं कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसका विवरण इस प्रकार है :–

1. गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार हिंदी दिवस का शुभारंभ 14 सितंबर, 2022 को सूरत गुजरात में द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन एवं वर्ष 2022 के हिंदी पखवाड़ा के आयोजन में प्रतिभागिता के साथ हुई। 14 व 15 सितंबर, 2022 को आयोजित हुए इस दो दिवसीय सम्मेलन में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ की ओर से हिंदी अधिकारी श्री शैलेंद्र सिंह ने प्रतिभागिता की।

2. तत्पश्चात 19 सितम्बर, 2022 को **'विज्ञान में हिंदी की संभावनाएं'** विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें शिवाजी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली के सह–आचार्य डॉ. राहुल सिंघल विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच का संचालन हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. प्रमोद कुमार ने किया।

3. दिनांक 20 सितम्बर, 2022 को विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए हुए गाँवों के राजकीय विद्यालयों के छठीं से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए **'हिंदी निबंध लेखन'** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस निबंध लेखन प्रतियोगिता में विभिन्न राजकीय विद्यालयों के 11 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. देवेंद्र राजपूत व शिक्षा पीठ की सहायक आचार्य अर्चना यादव ने निर्णायक मंडल के सदस्यों के रूप भूमिका निभाई।

इसी क्रम में अपराह्न में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए भी **‘हिंदी निबंध लेखन’** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 26 विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के योग विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अजयपाल व शिक्षा पीठ के सहायक आचार्य डॉ. सरन प्रसाद ने निर्णायक मंडल के सदस्यों के रूप भूमिका निभाई।

4. दिनांक 22 सितम्बर, 2022 को विश्वविद्यालय के शिक्षणेतर कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता व हिंदी टाइपिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 11 शिक्षणेतर कर्मचारियों ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अमित कुमार व संस्कृत विभाग की प्रभारी डॉ. सुमन रानी ने निर्णायक मंडल के सदस्यों के रूप भूमिका निभाई।





5. दिनांक 23 सितंबर, 2022 को **‘कार्यालयीन कार्य में हिंदी’** विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई

दिल्ली के उप–कुलसचिव श्री आनंद सोनी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के 17 कर्मचारियों ने प्रतिभागिता की।

6. दिनांक 29 सितम्बर 2022 को **'समापन समारोह' एवं 'पुरस्कार वितरण'** कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सहयोग से **'हिंदी पत्रकारिता का विस्तार एवं रोजगार की संभावनाएं'** विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में आकाशवाणी, नई दिल्ली के पूर्व सहायक निदेशक कार्यक्रम श्री जैनेंद्र सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

   विश्वविद्यालय कुलपति माननीय कुलपति महोदय, प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे और अपने बहुमूल्य विचार रखे। कुलपति महोदय ने सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अपने कर–कमलों से नकद पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किए। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

7. इस दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं की सूची संलग्न है।

इस प्रकार हिंदी पखवाड़े का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

विजेताओं की सूची

हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता

(विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व शोधार्थियों हेतु)

दिनांक 20.09.2022

क्र.	नाम	पिता का नाम	विभाग	प्राप्तांक	पुरस्कार
1	शैलेष मलिंडा	श्री रामचंद्र मलिंडा	एम.एससी. भौतिकी	40	**प्रथम**
2	सचिन यादव	श्री राम कुमार यादव	बी.एड.	39	**द्वितीय**
3	शिवशंकर प्रसाद	श्री नथुनी प्रसाद	एम.एससी. सूक्ष्मजीव विज्ञान	38	**तृतीय**

हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता

(विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गाँव के स्कूली बच्चों के लिए)

दिनांक 20.09.2022

क्र.	नाम	पिता का नाम	कक्षा	विद्यालय का नाम	प्राप्तांक	पुरस्कार
1	शिवानी	श्री ईश्वर सिंह	8	**राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जांट**	39.50	**प्रथम**
2	श्रुति	श्री सोमबीर	8	**राजकीय माध्यमिक विद्यालय, धोली**	38.50	**द्वितीय**
3	शिवानी	श्री कृष्ण कुमार	8	**राजकीय माध्यमिक विद्यालय, धोली**	38.00	**तृतीय**

ऑनलाइन प्रतियोगिता व हिन्दी टाइपिंग प्रतियोगिता

(विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों हेतु)

दिनांक 22.09.2022

क्र.	नाम	पद्नाम	विभाग	प्राप्तांक	पुरस्कार
1	पवन कुमार	निजी सचिव	कुलपति सचिवालय	33.83	**प्रथम**
2	चेतन कुमार	अवर श्रेणी लिपिक	परीक्षा शाखा	27.05	**द्वितीय**
3	तारा चन्द शर्मा	अवर श्रेणी लिपिक	संपदा एवं सामान्य प्रशासन अनुभाग	25.70	**तृतीय**

संकलन:

राजभाषा अनुभाग

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय